दिनांक 06.09.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव ने चन्द्रा मौर्या अण्डरब्रिज का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने आज चन्द्रा मौर्या के पास स्थित अण्डरब्रिज का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। श्री यादव आज हुए बारिश के कारण चन्द्रा मौर्या में हुए जलभराव के स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे वहां पर उन्होने सेक्टर क्षेत्र से आने वाले तथा नेशनल हाईवे की ओर से आने वाले दोनों क्षेत्रों का अवलोकन किया तथा निर्माणाधीन वाटर हार्वेस्टिंग एवं सम्पवेल के माध्यम से किये जा रहे पानी निकासी की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किये कि ट्रैफिफ पुलिस से चर्चा कर अत्यधिक बारिश होने पर और अधिक स्टापर लगाये तथा अति वर्षा की स्थिति में सुरक्षा की दृष्टि से दोनों ओर कर्मचारी की व्यवस्था हो। श्री यादव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अण्डरब्रिज में जल भराव का पूर्ण रुप से अवलोकन कर जल निकासी की गति तीव्र करने के लिए आवश्यकतानुसार व्यवस्था करें। गौरतलब है कि वाटर हार्वेस्टिंग निर्मित सम्पवेल का निर्माण किया जा रहा है तथा एक अन्य सम्पवेल पूर्व से ही निर्मित है जिसके माध्यम से पानी निकासी की जाती है।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा , उप अभियंता अरविंद शर्मा एवं नितेश मेश्राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी